हिमाचल प्रदेश केंद्रीयविश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक-29.09.2022

छह अक्तूबर हो रहा डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय व डा. अंबेडकर फाउंडेशन के सहयोग से डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति के 100 अभ्यर्थियों को यूपीएससी की परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। इस उत्कृष्टता केंद्र का विधिवत शुभारंभ छह अक्तूबर को होने जा रहा है । हालांकि कक्षाएं पहली अक्तूबर को ही शुरू हो जाएंगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक और केंद्र के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय राज्यसभा सांसद श्री इंदु गोस्वामी जी करेंगी और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कांगड़ा के उपायुक्त डा. निपुण जिंदल जी होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी करेंगे।

उन्होंने बताया कि निशुल्क कोचिंग हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश के युवा अधिकारियों से भी मिलवाया जाएगा जिससे उनका उत्साहवर्धन हो। वह अधिकारी अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ शेयर कर पाएंगे। जिससे वह अपने आप को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर सकें। यह केंद्र सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है। विवि को यह मौका मिला है तो पूरा प्रयास रहेगा कि विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हों। विवि में ही बच्चों को किताबें, इंटरनेट और लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार इसका वहन करेगी। इसमें कुल 400 आवेदन आए हैं जिसमें से 72 छात्रों को चुना गया है। विवि प्रयास करेगा कि 100 विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाए। विवि ने कोचिंग को लेकर पूरा केलेंडर तैयार कर रखा है। अगले साल लगभग सितंबर माह तक कोचिंग का एक साल पूरा हो जाएगा। तीन प्राध्यापकों की व्यवस्था केंद्र की ओर से की गई है।

पूजा चक्रवर्ती

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला